# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना



## अपील

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) सैद्धान्तिक परीक्षा, दिसम्बर, 2022 दिनांक 08 नवम्बर, 2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 24 नवम्बर, 2023** को समाप्त होगी। छात्र/छात्राओं की प्रतिभा, क्षमता को सम्मान देने एवं उनके शैक्षिक प्रदर्शन को प्रतिष्ठित करने के लिए कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन हेतु सरकार दृढ़संकल्पित है।

उच्च माध्यमिक की परीक्षा उच्च शिक्षा मे प्रवेश सोपान है तथा इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद ही छात्र एवं छात्राएँ विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के संस्थानों में नामांकन के योग्य होते हैं, जहाँ वे अपनी प्रतिभा के बल पर कामयाबी हासिल कर अपने साथ–साथ समाज, प्रदेश तथा देश को गौरवान्वित करते हैं।

परीक्षा में कदाचार को रोककर अपने भावी पीढ़ी को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण का शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराना सरकार एवं समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मैं संबंधित परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं नागरिकों से अपील करता हूँ कि दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत इस परीक्षा में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों की स्वर्णिम भविष्य एवं बिहार के शैक्षिक विकास के लिए सहज एवं शांत वातावरण में कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन में संपूर्ण सहयोग करें तथा शिक्षा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान से बिहार को पुनः ज्ञान की भूमि प्रतिस्थापित कर भारत को विश्वगुरू बनाने की दिशा में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

आप सबों की उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ।

(प्रो० चन्द्रशेखर)
मंत्री
शिक्षा विभाग, बिहार

पी.आर. 400 / 2023

Scanned with CamScanner